सूचना सेवा फेलोशिप कार्यक्रम 2014–15

कार्यक्रम विवरण पुस्तिका

द्वारा प्रायोजित

DEF
DIGITAL EMPOWERMENT foundation

प्रस्तावना (परिचय)

सूचना सेवा फेलोशिप, 240 फेलो (सूचना सेवकों) का एक समूह है, जो प्रस्तावित 5 जिलों में सूचना सेवा कार्यक्रम का वास्तविक स्तर पर क्रियान्वयित करते है। सूचना सेवा कार्यक्रम 6 माह के लिए पेशेवर युवाओं, विद्यार्थियों, भूतपूर्व–सैनिकों व स्थानीय उद्यमियों को चयनित जिलों में सेवाएं देने कि लिए आमंत्रित करता है।

सूचना सेवा फेलोशिप मुख्य रूप से समाज के पिछड़े वर्ग (अजा., अजजा., महिलाएं, विकलांग एवं अल्पसंख्यक समुदाय) पर केन्द्रित है और प्रमुख क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, वित्तिय समावेश, सामाजिक सुरक्षा एवं आजीविका के अंतर्गत कार्य कर रही है। सरकारी योजनाओं और लाभार्थी के बीच सूचनाओं के अतंर को दूर करने के लिए सूचना सेवा और सूचना सेवा फेलो एक पुल की तरह कार्य करते हैं।

सूचना सेवा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सूचनाओं के अभाव में कोई भी नागरिक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित ना रह जाए। सूचना सेवा परियोजना इस सपने को साकार करने के लिए एक सराहनीय प्रयास है। यह अपने तरह का पहला महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है जो यूरोपियन युनियन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

सूचना सेवकों को लक्षित समूह के साथ जुड़कर एक परिवर्तन कारक की तरह कार्य करना है। सूचना सेवक को जानकारी पहुंचाने, उपर्युक्त कार्यक्रम का प्रचार प्रसार, आवेदन करने के तरीके एवं आवेदन की प्रगति तक आवेदक समूह का मार्गदर्शन करना है।

सूचना सेवा समूह यह स्वीकार करता है कि यह एक चुनौतीपूर्ण प्रयास है, लेकिन फिर भी हमे यह विश्वास है कि यह एक लाभप्रद एवं समृद्ध अनुभव होगा।



उद्देश्य

- एकिकृत सूचना संचार प्रकिया के अंतर्गत सूचना एवं संचार तकनिक जैसे मोबाईल कैम्प, टोल फ्री नम्बर, एस.एम.एस, सूचना वाहन एवं नागरिक सूचना कार्यालय आदि की सहायता से पिछड़े क्षेत्रों तक सरकारी परियोजनाओं की पहुंच को बढ़ाना है।

- जिला स्तर पर अन्य सरकारी कार्यक्रम की सूचनाओं के प्रसार एवं लाभ हेतु पात्रता के लिए पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ स्थानीय प्रसाशन के साथ प्रबंधन तंत्र बनाना।

योग्यता

कोई भी व्यक्ति जिसके पास भारत की नागरिकता हो और कम से कम 12वीं पास हो, आवेदन कर सकता है।
आवेदन करने के लिए निम्नलिखित योग्यता का होना आवश्यक है।

- स्थानीय भाषा एवं संस्कृति की जानकारी हो।
- हिन्दी भाषा की अच्छी जानकारी हो एवं सामान्य अंग्रेजी भाषा का ज्ञान हो।
- असाधारण व्यक्तिगत कौशल एवं लोगो मे नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने की क्षमता हो।



- अति प्रेरित एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए लक्षित समय सीमा में पूरा करने की योग्यता।
- निर्धारित कार्यक्रम स्थान एवं परिस्थितियों के अनुकूल स्वयं को ढालने की क्षमता हो।
- आवश्यकतानुसार अधिकतर समय यात्रा करने के लिए तैयार हो।
- सक्रिय एवं परिस्थितीनुसार बदलने की क्षमता
- सुदृढ़ कार्यक्षमता
- डिजिटल संचार साधनों जैसे मोबाईल, लैपटाप, टैबटेल का प्रयोग करने की जानकारी आवश्यक है।
- लिखने की क्षमता– अभिलेख एव केस स्टडी आदि लिखने का ज्ञान।
- समय एवं धन के प्रबंधन करने की क्षमता।
- समस्या सुलझाने एवं विशलेषणात्मक झमता।
- सरकारी कार्यप्रणाली का ज्ञान।

अवधि

- सूचना सेवक को 6 माह तक सूचना सेवा ब्लाक कार्यालय पर कार्य करना होगा जिसमें
- 5.5 माह कार्यक्रम द्वारा लक्षित स्थान पर तथा
- 15 दिन रिपोटिंग एवं प्रलेखन (डाकुमेन्टेशन) के लिए निर्धारित किए गए है।

पदों की संख्या

- पांच जिलों में कुल सूचना सेवकों की संख्या – 30
- प्रत्येक जिले में 6 सूचना सेवक

चयन प्रक्रिया

जो व्यक्ति सूचना सेवा फेलोशिप कार्यक्रम में आवेदन के इच्छुक हो वे डिजिटल इंपावरमेंट फाउंडेशन की वेबसाईट www.defindia.org पर लॉग इन करें अथवा www.defindia.org/soochna_seva_fellowship.php पर क्लिक करें।

आवेदन पत्र में दी गयी जानकारियों के आधार पर अभ्यर्थियों को चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को टेलिफोन द्वारा साक्षात्कार किया जाएगा। टेलिफोनिक साक्षात्कार के दौरान चयनित सफल लाभार्थियों को सूचना सेवा कार्यक्रम के जिला कार्यालय बुलाया जाएगा, जहां लाभार्थियों से सूचना एवं संचार के उपकरण के प्रयोग करने की क्षमता को जांचां जाएगा।

संचालन के क्षेत्र



पांच साल के कार्यक्रम के दौरान सूचना सेवक पांच राज्यों में चयनित पांच पिछड़े जिलों बारमेर (राजस्थान), टेहरी गढ़वाल (उत्तराखंड), पश्चिमी चंपारण (बिहार) व रांची (झारखंड) में नियुक्त किए जाएंगे।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

DEF
DIGITAL EMPOWERMENT *foundation*

डिजिटल इंपावरमेंट फाउंडेशन

मकान न0 – 44, द्वितीय एवं तृतिय तल, नारायणा आई आई टी, एकेडमी, कालू सराय, आई आई टी, फलाई ओपर के पास, नई दिल्ली – 110016

फोन न0 : 91–11–26532786 / फैक्स : 91–11–26532787 / ई मेल : def@defindia.net / बेबसाईट : www.defindia.net